# MP BOARD CLASS 10 MODEL PAPER 2020

## हिन्दी (सामान्य)

**समय : 3.घण्टे]** **[पूर्णांक : 100**

निर्देश- (i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। (ii) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक के लिए 1x 5 = 5 अंक निर्धारित हैं। कुल अंक (1x 5x5=25) हैं। (iii) प्रश्न क्रमांक 6 से 15 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए दो-दो अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा 30 शब्द है। (iv) प्रश्न क्रमांक 16 से 21 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए तीन-तीन अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा 30 से 75 शब्द है। (v) प्रश्न क्रमांक 22 से 24 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए चार-चार अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा 75 से 120 शब्द है। (vi) प्रश्न क्रमांक 25 से 27 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए पाँच-पाँच अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा 120 से 150 शब्द हैं। (vii) प्रश्न क्रमांक 28 के लिए शब्द सीमा 200 से 250 शब्द निर्धारित हैं। तथा 10 अंक (7+3) निर्धारित हैं। खण्ड-(अ) के लिए 7 अंक तथा खण्ड-(ब) के लिए 3 अंक है।

प्रश्न 1. सही विकल्प का चयन कीजिए— 5

1. मीराबाई के आराध्य रहे हैं—

(अ) राम (ब) द्रोणाचार्य

(स) कृष्ण. (द) गणेश

2. 'सरस्वती' पत्रिका के सम्पादक थे—

(अ) रामचन्द्र शुक्ल (ब) महावीर प्रसाद द्विवेदी

(स) भारतेन्दु (द) हजारी प्रसाद द्विवेदी

3. 'सूखी डाली' है एक—

(अ) नाटक (ब) आत्मकथा

(स) एकांकी (द) कहानी

4. 'मित्र' शब्द का पर्यायवाची है—

(अ) आशुतोष (ब) सहचर

(स) महेश (द) लड़का

5. 'पंचवटी' शब्द में समास है—

(अ) द्विगु (ब) बहुब्रीहि

(स) कर्मधारय (द) द्वन्द्व

उत्तर-1.-(स), 2.-(ब), 3.-(स), 4.-(ब), 5.-(अ)।

प्रश्न 2. दिये गये विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए- 5

(1) संस्कृति की प्रवृत्ति................देने वाली होती है। (महाफल/अल्पफल)

(2) फागुन के दिनों में उड़ाते हैं। (रंग-गुलाल/पतंग)

(3) महावीर प्रसाद द्विवेदी ने अपने लिए..........सिद्धान्त या आदर्श निश्चित किए। (चार/तीन)

(4) जिसका चरण निरन्तर धो रहा है। (रमेश/रत्नेश)

(5) कहानी के तत्व होते हैं। (छः/चार)

उत्तर- (1) महाफल, (2) रंग-गुलाल, (3) चार, (4) रत्नेश, (5) छः।

प्रश्न 3. स्तम्भ 'क' से 'ख' का मिलान कर सही जोड़ी बनाइए- 5

| (क) | (ख) |
|---|---|
| (1) विनय के पद | (अ) जीवनी |
| (2) बरखा गीत | (ब) स्थिर |
| (3) योगी अरविन्द | (स) तुलसीदास |
| (4) अतिथि | (द) कविता |
| (5) चंचल | (इ) मेहमान |
| | (फ) सूरदास |

उत्तर-(1)-(स), (2)-(द), (3)-(अ), (4)-(इ), (5)-(ब)

प्रश्न 4. निम्नलिखित वाक्यों में सत्य/असत्य का चयन कर लिखिए— 5

(1) कवि ने देश का मुकुट हिमालय को कहा है।

(2) 'इस नदी की धार में एक गज़ल है।

(3) खिलखिलाहटों की खनकती गूंज इन दिनों दिखाई देती है।

(4) भोजनालय शब्द में व्यंजन संधि है।

(5) 'अग्नि' तत्सम शब्द है।

उत्तर-(1) सत्य (2) सत्य (3) असत्य (4) असत्य (5) सत्य ।

प्रश्न 5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए- 5

(1) 'शबरी' कविता के रचयिता कौन हैं?

(2) तुलसी के आराध्य देव कौन हैं?

(3) 'सूखी डाली' एकांकी में दादा का नाम क्या है ?

(4) सम्राट अशोक के सेनापति का नाम क्या था ?

(5) संधि के कितने प्रकार होते हैं?

उत्तर- (1) डॉ. प्रेम भारती, (2) श्री राम, (3) मूलराज, (4) गोपाल, (5) तीन ।

प्रश्न 6. निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो के विलोम शब्द लिखिए-गरल, आस्तिक, आदर, खण्डन। 2

**अथवा**

निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक-एक शब्द लिखिए—

(i) जिसके आने की तिथि निश्चित न हो,

(ii) जिसका कोई शत्रु न हो।

प्रश्न 7. निम्नलिखित शब्दों के तत्सम रूप लिखिए(कोई दो)—

भगत, सूरज, सच, दीया । 2

**अथवा**

निम्नलिखित के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए— कमल, पृथ्वी ।

प्रश्न 8. गद्य की कौन-कौनसी विधा है— 2

**अथवा**

संस्मरण की चार विशेषताएँ बताइए।

प्रश्न 9. उपन्यास के कितने तत्व माने गये हैं ? नाम लिखिए। 2

**अथवा**

आत्मकथा किसे कहते हैं ? आत्मकथा की दो विशेषताएँ बताते हुए दो आत्मकथा लेखकों के नाम लिखिए।

प्रश्न 10. विद्या से हममें कौन-कौन से गुण आते हैं? 2

**अथवा**

कश्मीर प्रत्येक भारतीय के मन को क्यों लुभाता है?

प्रश्न 11. धर्म का मथा हुआ सार क्या है ? 2

**अथवा**

बेला के चरित्र की विशेषताएँ लिखिए।

प्रश्न 12. कोई दो लोकोक्तियाँ लिखिए। 2

**अथवा**

सन्धि कितने प्रकार की होती है?

प्रश्न 13. निम्नलिखित शब्दों का सन्धि विच्छेद कर सन्धि का नाम लिखिए— 2

(i) महेन्द्र, (ii) पराधीन।

**अथवा**

निम्नलिखित शब्दों का समास विग्रह कर समास का नाम लिखिए—

(i) पंचवटी, (ii) जीवन भर।

प्रश्न 14. निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए— 2

(i) अंधे की लाठी, (ii) उड़ती चिड़िया पहचानना।

**अथवा**

निम्नलिखित में उपयुक्त विराम चिह्न लगाइए—

ईश्वर की अपार कृपा से हमारे घर सुशिक्षित सुसंस्कृत बहू आयी है तो क्या हम अपनी मूर्खता से उसे परेशान कर देंगे तुम जाओ बेटा किसी प्रकार की चिन्ता को मन में स्थान न दो। http://www.mpboardonline.com

प्रश्न 15. निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन कीजिए- 2

(i) अरविन्द ने परीक्षा में सफलता प्राप्त की। (प्रश्नवाचक)

(i) रमेश खेत पर है। (इच्छावाचक)

**अथवा**

निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध कीजिए—

(i) निरपराधी हवालात में है

(ii) रोधा एक मोतियों की माला गले में पहने हैं।

प्रश्न 16. लेखक श्रीमन्नारायण अग्रवाल ने बड़ा व्यक्ति किसे कहा है ? 3

**अथवा**

कश्मीर के बारे में पौराणिक और ऐतिहासिक कौन-सी बातें कही गई हैं?

प्रश्न 17. अमिता ने अशोक को क्या आदेश दिया? 3

**अथवा**

किसान को ब्रह्मा के समान क्यों माना है ?

प्रश्न 18. कौन से मनुष्य आत्महनन का मार्ग अपनाते हैं ? 3

**अथवा**

होशंगाबाद में द्विवेदी जी ने क्या नई उपलब्धियाँ प्राप्त की है ? बताइए।

प्रश्न 19. कवि दुष्यन्त कुमार को दुःख में भी आशा की किरण कहाँ-कहाँ दिखाई दे रही है? 3

**अथवा**

'शबरी' कविता में श्रीराम की छवि का वर्णन किस रूप में किया गया है ?

प्रश्न 20. भाग्य के भरोसे कौन नहीं रहता है ? 3

**अथवा**

'बरखा गीत' में प्रयुक्त प्रतीकों को समझाइए।

प्रश्न 21. कवि रामनरेश त्रिपाठी ने भारत देश की कौन-कौन सी विशेषताएँ बतायी हैं? 3

**अथवा**

तुलसीदास रघुपति के चरण कमलों में क्यों बसना चाहते हैं ?

प्रश्न 22. निम्नलिखित पद्यांश की सन्दर्भ, प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए— 4

"अब लौं नसानी, अब न नसैहौ।
राम कृपा भव-निसा सिरानी, जागे पुनि न डसैहौं ।।
पायो नाम चारु चिंतामनि, उर कर ते न खसैहौं।
स्याम रूप सुचि रुचिर कसौटी, चित कंचनहि कसैहौं।
परबस जानि हँस्यो इन इन्द्रिन निज बस है न हँसैहौ।।
मन मधुकर पन कर तुलसी रघुपति पद कमल बसैहौं।"

**अथवा**

"एक खण्डहर के हृदय-सी, एक जंगली फूल-सी,
आदमी की पीर, गूंगी ही सही, गाती तो है।
एक चादर साँझ ने सारे नगर पर डाल दी,
यह अँधेरे की सड़क उस भोर तक जाती तो है।"

प्रश्न 23. कवि रामनरेश त्रिपाठी ने भारत को संसार का शिरोमणि कहा है।' स्पष्ट कीजिए। 4

**अथवा**

जमाने के चलन को सुधारने के लिए कवि की युवाओं से क्या अपेक्षाएँ हैं ?

प्रश्न 24. संस्कृति से आप क्या समझते हैं ? भारतीय संस्कृति की विशेषताएँ बताइए। 4

**अथवा**

'सूखी डाली' एकांकी का केन्द्रीय भाव लिखिए।

प्रश्न 25. निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए— 5

रण बीच चौकड़ी भर-भरकर, चेतक बन गया निराला था।
राणा प्रताप के घोड़े का, पड़ गया हवा से पाला था ।
गिरता न कभी चेतक तन पर, राणा प्रताप का कोड़ा था ।
वह दौड़ रहा अरि मस्तक पर, या आसमान पर घोड़ा था।

प्रश्न-(अ) उपर्युक्त पद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।

(ब) इस पद्यांश का भावार्थ लिखिए।

(स) रेखांकित वाक्यों का अर्थ स्पष्ट कीजिए। (कोई एक)

(द) 'घोड़ा' शब्द का पर्यायवाची लिखिए।

(य) उपर्युक्त पद्यांश में किस मुहावरे का प्रयोग हुआ है? (कोई एक)

प्रश्न 26. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए— 5

"संसार से मानव सेवा ही सच्ची सेवा है। हम समाज से अलग नहीं हैं। समाज को स्वच्छ रखना हमारा कर्त्तव्य है। संगति का प्रभाव मनुष्य पर बहुत ज्यादा पड़ता है। बुरे आदमियों की संगति में हम अच्छे नहीं रह सकते । जब परिवार के सभी आदमी दुःख से कराहते हैं, हम हँस नहीं सकते । हमें समाज के साथ ही रहना है। अतः हम अपने परिवार तथा समाज को सुखी रखकर ही स्वयं सुखी रह सकते हैं। कुछ लोग कहते हैं कि उनके पास समाज सेवा के लिए समय नहीं है। यह बात उचित नहीं है। आदमी समाज के दु:ख-दर्द से जुड़कर ही सुखी जीवन जीता है।"

प्रश्न-(अ) इस गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

(ब) संगत का प्रभाव किस प्रकार पड़ता है?

(स) आदमी सुखी जीवन कैसे जीता है?

(द) गद्यांश का सारांश लिखिए।

प्रश्न 27. अपने मित्र को हाई स्कूल परीक्षा में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने पर बधाई पत्र प्रेषित कीजिए। 5

**अथवा**

एक पत्र कलेक्टर, शिवपुरी को लिखिए जिसमें परीक्षाकाल में लाउडस्पीकर के बजाने पर रोक लगाने का निवेदन किया गया हो। http://www.mpboardonline.com

प्रश्न 28. (अ) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए—

(i) विज्ञान वरदान है या अभिशाप,

(ii) राष्ट्रीय एकता,

(iii) मेरा प्रिय खेल : क्रिकेट,

(iv) वृक्षारोपण,

(v) विद्यालय का वार्षिक समारोह।

(ब) उपर्युक्त में से किस विषय पर निबन्ध लिखा गया है, उसे छोड़कर शेष विषयों में से किसी एक विषय की रूपरेखा लिखिए।